दिन–सोमवार दिनांक– 17 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

पश्चिम बंगाल में सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस के एक मालगाड़ी से टकराने से आज आठ लोगों की मृत्यु हो गई और पचास अन्य घायल हो गये। यह दुर्घटना आज सवेरे न्यू जलपाईगुडी रेलवे स्टेशन के पास हुई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मालगाडी, सिग्नल से आगे निकल गई और कंचनजंगा एक्सप्रेस के पिछले हिस्से से टकरा गई। गाडी के पिछले हिस्से में दो पार्सल वैन और गार्ड कोच लगे थे। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा ने कहा है कि पश्चिम बंगाल रेल दुर्घटना का बचाव अभियान पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि हादसे में मालगाडी के चालक और कंचनजंगा एक्सप्रेस के गार्ड की मृत्यु हो गई है। उन्होंने बताया कि घायलों को उत्तरी बंगाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसा स्थल पूर्वोत्तर रेलवे के कटिहार रेल मंडल में पड़ता है। कटिहार मंडल रेल प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस हादसे के बाद बारसोई–न्यू जलपाईगुड़ी रेल सेक्शन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हुआ है। उन्होंने बताया कि गुवाहाटी, अगरतला और पूर्वोत्तर भारत की ओर जाने वाली कई रेलगाड़ियां जहाँ–तहाँ फसी हुई हैं। डिब्रुगढ–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस और हावड़ा–न्यूजलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस सहित नौ रेलगाड़ियों को परिवर्तित रेलमार्ग न्यूजलपाईगुड़ी–सिलीगुड़ी–बागडोगरा–अलुआबाड़ी के रास्ते चलाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रेल दुर्घटना पर गहरा शोक जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस रेल दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतको के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो–दो लाख रूपये और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीड़ितों को बढ़ी हुई अनुग्रह राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को दस लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को दो लाख पचास हजार और मामूली रूप से घायल लोगों को पचास हजार रुपये दिये जायेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परसों बिहार का दौरा करेंगे। उसी दिन सुबह प्रधानमंत्री नालंदा के अवशेषों का दौरा करेंगे। इसके बाद वह बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। नालंदा विश्वविद्यालय की परिकल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के देशों के बीच एक संयुक्त सहयोग के रूप में की गई है। विश्वविद्यालय परिसर के उद्‌घाटन समारोह में सत्रह देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी। लगभग सोलह सौ वर्ष पहले स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय को दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालयों के रूप में जाना जाता है। दो हजार सोलह में नालंदा के खंडहरों को संयुक्त राष्ट्र विरासत स्थल घोषित किया गया था।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बीस हजार करोड़ रुपये वितरित करेंगे। इसेके तहत नौ करोड़ छब्बीस लाख लाभार्थी किसानों को किस्त की रकम सीधा उनके खाते में भेजी जायेगी।

———————————————————————

त्याग और बलिदान का त्योहार ईद–उल–अजहा यानि बकरीद आज पूरे देश में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। पटना के गांधी मैदान समेत प्रदेश की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गई। बकरीद को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। प्रशासन सोशल मीडिया को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहा है। बकरीद के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया और नवादा जिले सहित कई स्थानों पर आज भी भीषण लू की स्थिति बनी हुई है। पटना, नालंदा और जमुई जिलों में भी भीषण गर्मी से राहत नहीं है। कल राज्य के पन्द्रह जिलों में भीषण उष्ण लहर की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग ने किशनगंज, पूर्णियां, अररिया, सहरसा, के अलावा दक्षिण–पूर्व बिहार के कई हिस्सों में आज हल्की बारिश की संभावना जताई है। इधर, प्रदेश में मॉनसून के पहुंचने की अनुकूल परिस्थितियां नहीं बन रही है। इसके चलते राज्य में मॉनसून के देर से पहुंचने की संभावना है।

———————————————————————

समाप्त